# झुंझुनूं में राष्ट्रीय सुरक्षा माह का आगाज हुआ

**झुंझुनूं,** । बुधवार से राष्ट्रीय सुरक्षा माह का आगाज हुआ। विधायक राजेंद्र भांबू, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, भाजपा नेता विश्वंभर पूनियां आदि ने डीटीओ कार्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन करके और जन जागरूकता के लिए ऑटो रिक्शा रैली को हरी झंडी दिखाकर माह का आगाज किया। डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने अतिथियों का स्वागत किया और महीनेभर चलने वाले कार्यक्रम के बारे में बताया। डीटीओ ने बताया कि पूरे एक माह तक सेमीनार, कार्यशाला, समझाइश, चालान कार्रवाई अभियान के रूप में की जाएगी। उन्होंने बताया कि आम तौर पर सड़कों पर बेसहारा गौवंश तथा कुत्तों के गाड़ियों के सामने से हादसे होते है। इसलिए पहली बार झुंझुनूं में 1000 बेसहारा गौवंश तथा बेसहारा कुत्तों के रेडियम के बेल्ट लगाए जाएंगे। ताकि रात के समय जब गौवंश और कुत्ते सड़क पर आए तो उनसे हादसे ना हो। इसके अलावा भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इधर, राष्ट्रीय सुरक्षा माह का आगाज करते हुए विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि ना केवल परिवहन और पुलिस, बल्कि पीडब्लूडी और अन्य विभाग सामंजस्य के साथ काम करते हुए सड़क हादसों में कमी लाएं। क्योंकि यह एक सामूहिक जिम्मेदारी का काम है। इसके लिए सभी विभाग और आमजन को मिलकर प्रयास करना चाहिए। इसके बाद रैली को रवाना किया गया। रैली जिला परिवहन कार्यालय से प्रारंभ होकर हवाई पट्टी, पीरूसिंह सर्किल, मंडावा मोड, चूरू बाईपास, पीपली चौक, मोतीलाल कॉलेज स्टेडियम के पास से होते हुए मंड्रेला रोड बालाजी मंदिर, मंड्रेला रोड बाइपास से अठासेन सर्किल, पंचदेव मंदिर, गुढ़ा मोड़, पीरूसिंह सर्किल, रेलवे स्टेशन, हवाई पट्टी, पुलिस लाइन होते हुए जिला परिवहन कार्यालय तक पहुंची। महीनेभर आटो आदि के जरिए जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। इस मौके पर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा यह भी कहा कि इस एक माह के दौरान 'परवाह' थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जन जागरूकता फैलाई जाएगी।

■ **इस बार सड़क हादसों को रोकने के लिए बेसहारा गायों और कुत्तों को बांधे जाएंगे बेल्ट**



राष्ट्रीय सुरक्षा माह का आगाज विधायक राजेंद्र भांबू ने किया।

## शिक्षक संघ सियाराम जिला शाखा झुंझुनूं की बैठक संपन्न

**झुंझुनूं,** । राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम जिला शाखा झुंझुनूं की बैठक का आयोजन सभा अध्यक्ष वेदप्रकाश की अध्यक्षता में राजकीय सिटी स्कूल झुंझुनूं में किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिले में आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं एवं सफल आयोजन के लिए रणनीति बनाई गई। इसके लिए अलग-अलग ब्लॉकों से आए व्यक्तियों में से कार्यकर्ताओं की अलग-अलग आयोजन समितियां बनाई गई और जिसका कार्य भार पदाधिकारीगण को सौंपा गया।

सभी पदाधिकारियों से संगठन में अधिक से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को आमंत्रित करने के लिए निवेदन किया गया। साथ ही 17 एवं 18 जनवरी को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं अन्य अतिथियों को आमंत्रित करने पर भी चर्चा की गई। इस मीटिंग में इसके अलावा अन्य प्रस्ताव भी लिए गए। जिसमें संगठन की भूमि पर भवन बनाने एवं विभिन्न प्रकार के शिक्षकों के एसीपी स्थाईकरण एवं पदोन्नित से संबंधित तथा समायोजन में जिन शिक्षकों के साथ परिवेदनाओं का निस्तारण सही तरीके से नहीं किया गया।

## बोलेरो गाड़ी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**खिरोड़,** । बसावा गांव की धोली डूंगरी के पास बटारों की ढाणी में मंगलवार रात को बोलोरो गाड़ी में अचानक आग लगने से उसमें सवार युवक जिंदा जल गया। बोलेरो गाडी आरजे 05 यूए 3239 में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। जिससे गाड़ी में सवार युवक नेमीचंद पुत्र मोहनलाल (44) जिंदा जल गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार की रात बटारों की ढाणी के निवासी नेमीचंद किसी काम से बाहर गया और घर लौट रहा था। रास्ते में घर के पास ही उनकी बोलेरो गाडी में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। गाड़ी में अचानक एक साथ आज और बने से नेमीचंद बाहर नहीं निकल सका और अंदर जलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना का पता आसपास के लोगों को सुबह चला तो उन्होंने रास्ते में गाड़ी को जली हुई हालत में देखा। ठाामीणों ने तुरंत गोठड़ा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गोठड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने गाडी से नेमीचंद का जला हुआ शव बरामद किया और उसे परसरामपुरा के सरकारी अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया।

## दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का समापन

**गुढ़ागौड़जी,** । कस्बे के चिंताहरण बालाजी मंदिर में बामलास धाम के महंत लक्ष्मणदास महाराज के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ जागरण तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

मंगलवार को पंडित राजेंद्र बाजवा के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ तथा रात्रि में हेमराज गुर्जर एंड पार्टी चिंडालिया मकराना द्वारा जागरण में भजनों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। बुधवार को महाआरती के पश्चात बामलास धाम के महंत लक्ष्मणदास महाराज के द्वारा बालाजी महाराज को प्रसाद का भोग लगाया गया।

तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। नव वर्ष पर श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज से सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से देर शाम तक काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। गौरतलब है कि चिंताहरण बालाजी महाराज की स्थापना सैंकड़ों वर्ष पूर्व बामलास धाम के ब्रह्मलीन संत गोवर्धनदास महाराज के कर कमल से की गई थी।

मान्यता है कि जो भक्त बाबा के दरबार में सच्चे मन से मन्नत मांगता है। उसकी हर मुराद पूरी होती है तथा बालाजी महाराज भक्तों की समस्त चिंताओं का हरण करते हैं। इस दौरान नंदवीर सिंह कैलाश भाई, भवानीसिंह, रामस्वरूप, प्रहलादसिंह, विनोद कुमावत, लालचंद सैनी, गोविंदसिंह, बिशनसिंह, जितेंद्रसिंह, नेमीदास, भोलादास, सत्यवान चाहर, महावीर खरबास, सुरेश गुर्जर सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एस.पी. की पदोन्नती पर मां चन्द्रकांता ने लगाया वर्दी पर स्टार

**चूरू** । राज्य सरकार की ओर से जारी पदोन्नित सूची में चूरू एसपी को भी पदोन्नत किया गया है। चूरू एसपी जय यादव को पदोन्नत कर एसएसपी (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक) बनाया गया है। एसपी कार्यालय में बुधवार को पदोन्नत एसएसपी यादव की मां चंद्रकांता ने उनकी वर्दी पर स्टार व नीली कॉलर लगाई। इसके बाद यादव ने अपनी मां के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उनकी बहन यामिनी यादव भी उपस्थित थी। गौरतलब है, कि 2012 बैच के 39 वर्षीय भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी जय यादव को चयन वेतन श्रृंखला में पदोन्नित दी गई है। इस अवसर पर एसपी यादव ने अपनी मां के साथ यह खास पल साझा करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। प्रमोशन के अवसर पर एसपी यादव ने चूरू पुलिस की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया।

## जिला कार्यकारिणी का गठन, पदाधिकारियों का किया अभिनंदन

■ **चूणा चौक स्थित पुरोहितों की बगीचे में गौड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नवीन जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया**

**झुंझुनूं,** । चूणा चौक स्थित पुरोहितों की बगीचे में गौड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नवीन जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा नई जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मार्गदर्शक के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम शर्मा, कांतिप्रसाद ढंढ, कमलकांत शर्मा व रामगोपाल महमिया को संरक्षक नियुक्त किया गया है। गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश मंत्री उमाशंकर महामिया ने बतौर प्रांत प्रतिनिधि के रूप में महासभा के प्रदेशाध्यक्ष विजय कुमार हरितवाल द्वारा जारी किए गए नियुक्ति पत्र नव नियुक्त जिलाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा देरवाला, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसीसर, महामंत्री शिवचरण पुरोहित, संगठन महामंत्री वशिष्ठ कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट नीरज शर्मा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पवन पुजारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया, पुरुषोत्तम खाजपुरिया व राकेश सहल, योगेश चौमाल, जिला मंत्री सुरेंद्र शर्मा, एडवोकेट अनुपम शर्मा, ब्रह्मानंद शर्मा व विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट कमल शर्मा को सौंपकर नव नियुक्त कार्यकारिणी का साफा, माला व अंग वस्त्र पहनकर सम्मान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन शर्मा देरवाला ने बताया कि जल्द ही महासभा की पूरे जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। जिसमें ठाामीण कस्बों सहित तहसील अध्यक्ष बनाए जाएंगे तथा गौड़ महासभा की नीतियों को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर पवन पांडे, विनोद शर्मा, विकास पुरोहित, गोपी पुरोहित, अनिल मिश्रा, पुरुषोत्तम चौरासिया, कृष्णकांत पुरोहित सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

## वाल्मिकी समाज ने किया विधायक राजेंद्र भांबू का अभिनंदन

■ **भांबू ने पानी की समस्या और पार्क को लेकर किया आश्वस्त**

**झुंझुनूं,** । विधायक राजेंद्र भांबू का राजकीय जेके मोदी स्कूल के सामने वाल्मिकी बस्ती में वाल्मिकी समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व विधायक जेपी चंदेलिया, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी तथा भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। इस मौके पर वाल्मिकी समाज के प्रतिनिधियों ने भांबू का अभिनंदन किया। साथ ही बस्ती में पीने के पानी की समस्या रखी। साथ ही बताया कि बस्ती में एक पार्क बनना प्रस्तावित है। जिसे लेकर कोर्ट में मामला चल रहा है। भांबू ने दोनों ही समस्याओं को लेकर कहा कि पीने के पानी की समस्या एक बस्ती की नहीं। बल्कि पूरे झुंझुनूं की है।

जिसे लेकर स्थायी समाधान करवाया जा रहा है। स्थायी समाधान हो, तब तक अस्थायी रूप से पीने का पानी मुहैया करवाया जाएगा। उन्होंने पार्क के मामले में भी वरिष्ठ अधिवक्ताओं से राय मशिवरा करने के बाद कोर्ट के जरिए उचित समाधान निकालने के लिए आश्वस्त किया। इस मौके पर भांबू ने कहा कि वाल्मिकी समाज ने उन्हें वोट के जरिए जो ताकत दी है। वे इसी ताकत के बलबूते पर हर वर्ग का ध्यान रखेंगे। उनकी समस्याओं का समाधान करवाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पिलानी के पूर्व विधायक जेपी चंदेलिया ने कहा कि वाल्मिकी समाज एकजुट होकर भाजपा व भांबू के साथ है। भाजपा ही वाल्मिकी समाज की सच्ची हितकर है।

## गायों को गुड देकर नव वर्ष का शुभारंभ किया

**रतनगढ़** (निसं)शीतलहर के आगाज के साथ ही लायंस क्लब प्रेरणा रतनगढ़ द्वारा 101 ऊनी कंबल वितरण कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा, सज्जन कुमार लाटा तहसीलदार रतनगढ़ ,के मुख्य आतिथ्य में हनुमान पार्क के पास कंदोई निवास में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लब के सदस्यों के आर्थिक सहयोग से आयोजित किया गया। उपखंड अधिकारी वर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही पुण्य का कार्य है। गरीब तबके के परिवार को 101 ऊनी कम्बल वितरित किए गए। साथ ही सुशील कंदोई परिवार द्वारा 5 कार्टून गुड श्याम गौशाला में दिया गया।

## बगड़ क्रिकेट एकेडमी झुंझुनूं ने जालान ट्रॉफी पर किया कब्जा

**रतनगढ़** (निसं ) । समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा चूरू जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सेठ सूरजमल जालान ट्रस्ट कोलकाता के सौजन्य से रघुनाथ विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित 38वीं सेठ मोहनलाल जालान मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी में बुधवार को खेले गए फाइनल मैच में बगड़ क्रिकेट एकेडमी झुंझुनूं ने सिटी चैंप्स रतनगढ़ को हराकर लगातार दूसरी बार प्रतिष्ठित जालान ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। आयोजन सचिव राकेश गहलोत ने बताया कि फाइनल मुकाबले में सिटी चैंप्स रतनगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुवे निर्धारित 20 ओवर में 188 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में बगड़ एकेडमी ने शुभम सिंह के शानदार 71 रन की बदौलत विजयी लक्ष्य 16 ओवर में 4 विकेट खोकर ही अर्जित कर लिया। मैच के पश्चात प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत की अध्यक्षता एवं विधायक पूसाराम गोदारा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिला खेल अधिकारी प्रकाश गोदारा, चूरू जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुशील कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव जगदीश शर्मा, रघुनाथ विद्यालय के उपाध्यक्ष सीताराम शर्मा, जालान ट्रस्ट के स्थानीय प्रतिनिधि ओमप्रकाश तापड़िया, संस्थापक निदेशक रघुनंदन धरेंद्र व चंद्रप्रकाश कोका मंचस्थ अतिथि थे।

## दौड़ प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ

■ **युवाओं के खेल से दूर होने पर चिंता जताई गई इसे शारीरिक नुकसान बताया**

**झुंझुनूं,** । रतनशहर यूथ क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय इंटर वार्ड क्रिकेट प्रतियोगिता एवं दौड़ प्रतियोगिता का समापन गोदाम स्टेडियम रतनशहर में बड़े धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण युवाओं के खेल से दूर होने पर चिंता जताई और इसे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक बताया। साथ ही उन्होंने खेल के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। रतनशहर यूथ क्लब के अध्यक्ष विक्रम सैनी ने बताया कि यह क्रिकेट प्रतियोगिता 27 दिसंबर से प्रारंभ होकर मंगलवार को संपन्न हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता मुरारी सैनी थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने की। समारोह में वशिष्ठ अतिथि के रूप में माखर सरपंच प्रतिनिधि अशोक सैनी, पंचायत समिति प्रतिनिधि नंदलाल सैनी, व्याख्याता दलीप सैनी इस्लामपुर, पुस्तकालयाध्यक्ष दलीप सांखला, सौरभ योगी इस्लामपुर, पुष्करदत्त सैनी, कपिल डांगी और अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना था और समापन समारोह के दौरान इस प्रकार के आयोजनों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता महसूस की गई। कार्यक्रम में खेलप्रेमी जैसे कृष्ण माखरिया, मनोज पीटीआई, सुशील ठेकेदार, तेजपाल सैनी, नरेश बगड़, प्रवीण सैनी इस्लामपुर, सुमेर सिंह सैनी इस्लामपुर, मास्टर सुरेश, विजयहिंद जालिमपुरा, हंसराज सैनी इस्लामपुर भी उपस्थित थे। बेस्ट कमेंट्री के लिए नरेश बगड को सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया और भविष्य में इसी प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता जताई गई।

### ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

इंटर वार्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में वार्ड नंबर छह विजेता, सात उप विजेता तथा वार्ड नंबर आठ की टीम का तीसरा नंबर रहा। इसी प्रकार 35 क्रिकेट प्रतियोगिता में डॉक्टर्स इलेवन बगड़ विजेता, रतनशहर इलेवन उप विजेता तथा सरपंच इलेवन तीसरे नंबर पर रही। वहीं, 1600 मीटर ओपन दौड़ प्रतियोगिता में रोनी वर्मा झुंझुनूं, पंकज मीणा बगड़, अतुल सैनी, बूजूर्ग 35 दौड़ प्रतियोगिता में राधेश्याम रतनशहर, गुरुदयाल व केशरदेव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# 126 थालियों और थैलों के लिए समर्पण राशि भेंट की

**चिडावा।** शहर की हृदयस्थली विवेकानन्द चौक में श्री विवेकानन्द मित्र परिषद के संयोजन में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों की ओर से महाकुम्भ के निमित राष्ट्रीय स्वयं संघ के माध्यम से चल रहे एक थाली एक थैला प्रकल्प में समर्पण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। राष्ट्रगान के बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख प्रभु दयाल वर्मा, जिला प्रचारक रोहित कुमार को सनातन आश्रम के प्रभुशरण तिवाडी, रामलीला परिषद के अध्यक्ष प्रमोद अड़ावतिया, केवलदास रघुनाथ मंदिर महंत जयराम स्वामी, श्री विवेकानन्द मित्र परिषद संरक्षक रोहिताश्व महला, मनोहर जांगिड़, संजय दाधीच, श्री राम अमृतवाणी पाठ के राजकुमार जिसपाल, लोकसेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष राधेश्याम सुखाड़िया, हरिनाम प्रभात फेरी के रामचंद्र शर्मा के नेतृत्व में थालियां और थैले निमित 126 थालियों और थैलों के लिए समर्पण राशि भेंट की गई। इस दौरान वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाडी ने कहा कि विश्व का सबसे बडा धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। उसमें इस माध्यम से पूरे भारत का योगदान हो रहा है। इसमें सभी को आस्था के अनुसार योगदान करना चाहिए। इस मौके पर एनआरआई उम्मेद सोलंकी, सुभाष धाबाई, सुभाष पांडे, अमरसिंह कोकचा, सुरेश डालमिया, सौरभ चौरासिया, महेंद्र जोशी, व्याख्याता प्रदीप सोनी, गोपीराम सूंघा, सुरेश केडिया, मूलचंद नरहडिया, गिरधारी बागड़ी, रामनिवास वर्मा, प्रदीप जांगिड़, शुभकरण बजाज, रवि तामडायत, अशोक अठावाल, ओम प्रकाश कुठानिया, संजय स्वामी, पवन टेलर, रजनीकांत मिश्रा, कुलदीप भगेरिया, भोलाराम शर्मा, बैजनाथ मोदी, शशांक पुरोहित, डॉ. एलके शर्मा, पवन शर्मा, राजेंद्र शर्मा राजू, विमलेश दाढ़ौत, श्यामसुख शर्मा, रमेश स्वामी, ओमप्रकाश जलिंद्रा, सुशील कुमार वर्मा, मुकेश सोलंकी, पवन पांडे, प्रवीण वर्मा सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।



विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों की ओर से महाकुम्भ के निमित राष्ट्रीय स्वयं संघ के माध्यम से चल रहे एक थाली एक थैला प्रकल्प में समर्पण कार्यक्रम हुआ।

## सार-समाचार

### प्रतियोगिता में जीता कांस्य पद

**चिड़ावा।** चिड़ावा की चौधरी कॉलोनी निवासी रामजीलाल धनखड की पौत्री और शारीरिक शिक्षक जयसिंह धनखड़ की पुत्री तनुश्री ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीता है। तनुश्री ने हेप्टाथलन में कांस्य पदक हासिल किया। तनु के पिता जय सिंह धनखड ने बताया कि यह ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता उड़ीसा के भुवनेश्वर स्थित किर यूनिवर्सिटी में हुई। जिसमें तनु ने 4953 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। हेप्टाथलन में कुल सात इवेंट होते हैं, जिसमें 100 मीटर बाधा दौड़, 200 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, ऊंचीकूद, लंबी कूद शामिल है। तनु इससे पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीत चुकी है। इस उपलब्धि पर दादा रामजीलाल धनखड़, ताऊ रतनवीर धनखड़, हार्डवेयर एवं इलेक्ट्रिक एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र धनखड़, संदीप ओला सहित परिजनों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने बधाई दी और खुशी जताई।

### क्रमिक भूख हड़ताल का दूसरा दिन

**पाटन** । नीमकाथाना जिला यथावत की मांग को लेकर आज दूसरे दिन संजीव मोदी पार्षद, कॉमरेड गोपाल सैनी, अजय सैनी, मोनू भंवरिया, विकास कुमावत ने भूख हड़ताल पर बैठ कर धरने को जारी रखा। सभी मापदण्डो को पूरा करने के बावजूद नीमकाथाना को जिला बनाया गया था जो करीब एक वर्ष एवं पांच माह तक रहा।उस जिले को आनन फानन कहें या राजनीति द्वेषता कहें 28 दिसम्बर 2024 को राजस्थान सरकार द्वारा हटा दिया गया, यह पुनः विचारणीय बिन्दु है। सरकार द्वारा जिला गठित करने के मापदण्डो में जिले की जनसंख्या 10 लाख होना, मुख्यालय से 50 कि.मी. की दूरी होना तथा बनाये जाने वाले मुख्यालय से शामिल क्षेत्र से दूरी आदि पर विचार करना सरकार में बैठे नुमाइंदों को देखना चाहिए । कानून व्यवस्था की दृष्टि से देखें तो नीमकाथाना मुख्यालय से किसी भी शामिल तहसील व उप तहसील मुख्यालय पर 30 से 45 मिनट में पहुंचा जा सकता है जबकि सीकर/झुन्झूनू से पहुंचने में 70 से 90 मिनट का समय लगता है। नीमकाथाना जिला बनाये रखने के लिये फल व सब्जी विक्रेता, गुर्जर समाज, राजपूत समाज, महाजन समाज भाजपा सरकार द्वारा जिला हटाने के फैसले से नाराज होकर नीमकाथाना को जिला यथावत रखने को लेकर उपजिला अधिकारी को ज्ञापन देकर संघर्ष समिति को समर्थन दिया।

### क्षेत्र के लोगों में आक्रोश

**नीमकाथाना** । जिले को निरस्त करने के बाद सब्जी मंडी यूनियन और किसान मजदूर यूनियन ने विरोध जताते हुए जीप स्टैंड से कलेक्ट्रेट तक मुख्यमंत्री की शव यात्रा निकाल कर कलेक्ट्रेट के बाहर नारेबाजी कर विरोध जताया तथा मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। इस मौके पर वीर चक्र विजेता जयराम सिंह डाबला, राजपूत समाज अध्यक्ष गिरवर सिंह, मालीराम गुर्जर, प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, महेश मेगोतिया, त्रिलोक दीवान, मुकेश अठावाल, कांता प्रसाद शर्मा, नरेश फ़ौजी, अवतार गुर्जर, अनिरुद्ध यादव, विकास मीणा, राधेश्याम शर्मा, मदनलाल सैनी, प्रवीण जाखड़, राजपाल डोई, विकास मीना, धर्मपाल यादव, लीलाराम सैनी, रणवीर सिंह, महावीर प्रसाद यादव, सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### 'पायलट करोडों युवाओं की आवाज है'

**चूरू** । नव वर्ष पर चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने नई सड़क पर आयोजित कार्यक्रम में सचिन पायलट को नव वर्ष की बधाई देते हुये महन सरिया ने कहा कि प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट अखिल भारतीय कांठोस के महासचिव राजस्थान के लोकप्रिय जननेता है। वह करोड़ों युवाओं की आवाज है। इस अवसर पर रिटायर्ड एडिशनल एसपी अयूब खान, किसान नेता अमर सिंह दनेवा, पूर्व उप सभापति प्रतिनिधि रमजान खां, ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष असलम खोकर, पूर्व ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष अबरार खान, शिशपाल गुर्जर, शकील छिंपा, कालूराम महर्षि, पार्षद प्रवीण वेद, सत्यनारायण बाकोलिया, मोहन टेलर, किसना राम बाबल, मुशी खां, सोहनलाल फगेडिया, महावीर झाझड़िया, पार्षद अली मोहम्मद भाटी सहित बड़ी संख्या में कांठोस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पौष बड़ा महोत्सव हुआ

**मुकुंदगढ़,** । डूंडलोद रोड पर स्थित अष्टिवनायक धाम मंदिर में नववर्ष के उपलक्ष पर बुधवार को हरे एक कृष्णा सेवा समिति द्वारा गणेश चैतन्य महाराज एवं सीताराम महाराज, चिरंजीलाल शर्मा के सानिध्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजनों का आयोजन हुआ। इसके बाद मंदिर पुजारी रामजी शर्मा के सानिध्य में बाबा का विशेष शृंगार कर बाबा को भोग लगाकर महाआरती कर सैंकडों भक्तों ने बाबा के दर्शन कर प्रसाद ठाहण किया। इस अवसर पर मंदिर व्यवस्थापक प्रद्युम्न शर्मा व पूर्णमल सैनी द्वारा गणेश चैतन्य महाराज व सीताराम शर्मा, चिरंजीलाल शर्मा को दुपट्टा व प्रतीक देकर सम्मान किया। इस अवसर पर सुभाष जांगिड़, सीताराम सैनी, हरिराम सैनी, गंगाधर किलानिया, ओमप्रकाश सैनी, मुकेश कुमार, शंकर सैनी, भीमसिंह बड़गुर्जर, सुरेश नूआंवाले, अनिल तोलासरिया तथा समस्त हरे कृष्णा सेवा समिति सदस्य मौजूद थे।

### एस.पी. को बधाई

**झुंझुनूं,** । मंगलवार को कार्मिक विभाग ने राजस्थान कैडर के आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को नए साल पर पदोन्नित का तोहफा दिया है। झुंझुनूं में कार्यरत आईपीएस शरद चौधरी को भी प्रमोट करके एसपी से डीआईजी बना दिया गया है। जिसके बाद शरद चौधरी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। एसपी शरद चौधरी बुधवार को जब कार्यालय पहुंचे। तो जिलेभर के एएसपी, डीएसपी, सीआई, एसएचओ आदि ने मुंह मीठा करवाकर एसपी शरद चौधरी को प्रमोशन की बधाई दी। इसके अलावा समाजसेवी पत्रकार डॉ. डीएन तुलस्यान ने भी बुके भेंट कर एसपी को बधाई दी। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी शरद चौधरी ने कहा कि आज टाइगर खुश है। क्योंकि आज नया साल भी है और सरकार ने आज प्रमोशन का तोहफा भी दिया है। उन्होंने कहा कि प्रमोशन के बाद वे झुंझुनूं में रहेंगे या नहीं। यह तो नहीं कह सकते। लेकिन चार-सवा चार महीने का कार्यकाल लाजवाब रहा। उप चुनाव भी हुए। सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने टीम भावना के साथ काम किया। आमजन का भी हर कदम पर अच्छा सहयोग मिला। यह टीम भावना और समन्वय आगे भी बना रहे। यही चाहते है। उन्होंने बताया कि आज ही झुंझुनूं पुलिस एक और नवाचार कर रही है। आज से झुंझुनूं पुलिस के कांस्टेबलों, हैड कांस्टेबलों तथा एएसआई स्तर के पुलिसकर्मियों को पाक्षिक अवकाश मिलेगा। इसके लिए सभी थानों और सर्किल आफिसों में रोस्टर आदि तैयार कर लिए गए है। यह एक अच्छा प्रयोग होगा। झुंझुनूं सफल होगा। तो संभव है कि पूरे राजस्थान के पुलिसकर्मियों को इसका फायदा मिल सके।

### शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का आगाज कल से

**झुंझुनूं,** । शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का आयोजन इस वर्ष तीन जनवरी से 12 जनवरी तक ठाामीण हाट आबूसर में किया जाएगा। मेले में विभिन्न दिवसों में परंपरागत ठाामीण खेलकूद एवं आकर्षक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चोबदार ने बताया कि मेले को इस बार और भी आकर्षक बनाने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि तीन जनवरी को दोपहर एक बजे मेले का उद्घाटन होगा। उन्होंने बताया कि मेले के लिए अब तक 250 स्टॉल्स बुक की जा चुकी है। जिसमें मुख्य रूप से नागपुर की स्टोन ज्वैलरी, कश्मीर के शॉल, ड्राईफ्रूट्स, पश्मिना शॉल, अरख प्रिंटबैड शीट, खुर्जा की क्रॉकरी, आसाम का बासं फर्नीचर, खेतड़ी, लोहार्गल एवं चिराना का आचार, चाबी छल्ला, लाख की चूड़ियां, प्लास्टिक का उपयोगी सामान, चूरन, सौंफ, सुपारी आदि की स्टॉल लगेगी। इसी प्रकार से बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, चकरी झूला, चौकी टॉवर झूला आदि स्थापित किए गए हैं।

### नए साल के मौके पर पौधारोपण किया

**झुंझुनूं,** । हितेश फाउंडेशन सोसायटी सीतसर की ओर से नववर्ष के मौके पर स्व. हितेश की स्मृति में सामुदायिक भवन सीतसर में पौधारोपण किया गया व नववर्ष की शुरूआत दूध महोत्सव मनाकर की गई। साथ ही नशामुक्ति की शपथ ली गई। सामाजिक कार्यकर्ता राजकृष्ण लोयल ने हितेश फांउडेशन सोसायटी को 15 चेयर भेंट की। इस अवसर पर विजेंद्रसिंह, करणीराम, विनोद, ओमप्रकाश, अजय, कर्मवीर, विजय सिंह, संजय, महेंद्रसिंह, विकास, रामनारायण आदि मौजूद थे।